Scaling New Heights in Energy Sector

KR Sudhaman

India is still a power deficit state despite massive scaling up of power generation since 1990s. So a lot more needs to be done and rightly the present government has taken several initiatives over the last one year to push power generation in the country

INDIA HAS come a long way in the power sector. From a mere 1362 Mw of power generation at the time of independence in 1947, India now has power generation capacity of over a 261,000 Mw. Though 60 per cent of power comes from thermal power generation, basically coal and to a small extent gas, there is renewed emphasis on pushing non renewable energy. In case of Hydel power, seventy per cent of the 1,48,000 Mw of hydel power potential remained untapped particularly in the North Eastern region where 50,000 Mw of power still remains untapped. Nuclear energy too has a huge potential but is fraught with some environmental concerns. It is however slowly picking up and India now generates around 6000 Mw of nuclear energy, which is to be scaled up to 63,000 Mw by 2032. With signing of Civilian Nuclear Pact with US in 2009, large size nuclear plant of over 1000 Mw are to be set up in the country. But lately wind and solar power have caught on with path breaking innovations particulary in solar. While wind power generation has picked up in the country with around 25,000 Mw of generation particularly in states like Tamil Nadu, Maharashtra, Gujarat, Andhra Pradesh and Rajasthan, Solar power is likely to bring about revolutionary change in the coming years. While wind power has the potential to generate 1.5 lakh Mw, Solar power has potential of over 300,000 mw, of which only 3,800 MW has been tapped so far in the country. With costs coming down, solar power is expected grow leaps and bounds in the coming years and the present government has recently scaled up solar power generation to a whopping one lakh Mw by 2022 from 20,000 Mw targeted by the previous government. Already silent revolution is taking place in some states like Tamil Nadu, Haryana, Delhi, Punjab, Gujarat, Rajasthan and Andhra Pradesh with the launch of net metering concept for rooftop solar power, which reduces cost by at least 25 per cent as no batteries would be required for storage.

India is still a power deficit State despite massive scaling up of power generation since 1990s. So a lot more needs to be done and rightly the present government has taken several initiatives over the last one year to push power generation in the country. Of the 1.4 billion people of the world who have no access to electricity, India accounts for over 300 million. The International Energy Agency estimates India will have to add between 600 GW to 1,200 GW of new power generation capacity before 2050. Entire Europe Union had total

The author has over 40 years of experience in journalism. Besides serving as foreign correspondent for Press Trust of India (PTI) in Beijing and Islamabad, he was Associate Editor in the economic division of PTI and later Editor-in-charge of the Western Region, Mumbai. He was also Economic Affairs Editor in Ticker News and Economics Editor in Financial Chronicle. The author has vast experience in covering global economic conferences including WTO, World Bank, ADB, G-15, G-20 and G-8 summits.

power generation capacity of 740 GW in 2005 and what India needs to add would be much more. The technologies and fuel sources India adopts, as it adds this electricity generation capacity, may make significant impact to global resource usage and environmental issues and hence the government has decided to give special emphasis to tap renewable energy potential.

Some 800 million Indians use traditional fuels – fuel wood, agricultural waste and biomass cakes – for cooking and general heating needs. Traditional fuel is inefficient source of energy, it's burning releases high levels of smoke. World Health Organisation claims that 300,000 to 400,000 people in India die of indoor air pollution and carbon monoxide poisoning every year because of biomass burning and use of *chullahs*. The growth of electricity sector in India may help find a sustainable alternative to traditional fuel burning and in this *context,* renewable energy may play an important part and rightly the government has embarked upon an ambitious renewable energy development in the country. Studies point out that, in addition to air pollution problems, reliable generation and supply of electricity is essential for addressing India's water pollution and associated environmental issues. Also rapidly growing economy, rising exports, improving infrastructure and increasing household incomes will only push energy requirement further in the country.

The present government is rightly giving a massive thrust to the energy sector to ensure that India moves towards 24 into 7 power for all in the next four to five years This calls for tackling issues of power thefts, coal linkages for thermal plants, transmission deficiencies, tapping renewable solar, wind and hydel power potential and so on through massive investments. The major initiatives embarked upon have already resulted in 15.8 per cent increase in thermal power generation, accounting for 60 per cent of power generation in the country. Government has also come out with plans for 50 per cent increase in power generation capacity and provided Rs 1.1 lakh crore central government grant for bringing about 24 into 7 affordable power in rural and urban India. Government has a plan to double coal production in the country to 100 crore tonnes by 2020 through massive investments. The recent coal auction has kick- started this process and yielded nearly Rs 2 lakh crore to the government kitty, of which sizeable amount will go to the mining states, pushing up development activities in those backward states.

With the stepping up renewable energy power generation target to one lakh Mw of solar power and 60,000 Mw of wind power by 2022, Rs 10 lakh crore worth of investments are expected to pour in to the renewable energy sector in the next seven years. Apart from efforts to quickly to restart stalled hydel projects, government has also stepped up budget allocation for renewable energy by 65.8 per cent and is in the process of coming out with new renewable energy policy for solar and wind power.

As part of its blueprint for energy security, the government plans to float five funds of $5 billion each, targeted at promoting green energy sources.

The Ministry of New and Renewable energy (MNRE) plans to get the help of state-owned and private sector financial institutions such as Power Finance Corp. Ltd (PFC), Rural Electrification Corp. Ltd (REC), Indian Renewable Energy Development Agency (IREDA), IFCI Ltd, SBI Capital Markets Ltd and ICICI Bank Ltd to create a corpus of $25 billion. The government's renewed focus on green energy comes in the backdrop of the US and China inking a climate change deal wherein the US will reduce its emissions by 26-28 per cent below its 2005 level by 2025 and China will reach the peak of its harmful carbon dioxide emissions in around 2030.

The new measures announced by the government give top priority for domestic players and Rs. 100,000 crore worth of orders placed in power sector in the recent months by NTPC, Coal India, Energy Efficiency Services, Power Grid Corporation will boost local manufacturing giving boost to Make in India campaign. Also, large orders have been placed on local manufacturers to make them price competitive by increasing capacity and getting world class technology. Government organizations will buy 1000Mw worth solar projects with special provision for use of only domestically produced cells and modules. Defence establishments will buy 300 Mw solar plants. Government has also planned to save 10 per cent energy through conservation. As much as 10,000 crore units are to be saved, which can light up 11 crore lives and save Rs 40,000 crore.

The government's strategy to focus on renewable energy also stems from the fact that India has an energy import bill of around $150 billion, which is expected to reach $300 billion by 2030. India imports 80 per cent of its crude oil and 18 per cent of its natural gas requirements. As of April 2014, total thermal installed capacity stood at 168.4 GW, while hydro and renewable energy installed capacity totalled 40.5 GW and 31.7 GW, respectively. Wind energy market of India is expected to attract about Rs 20,000 crore (US$ 3.16 billion) of investments next year, as companies across sectors plan to add 3,000 MW of capacity powered by wind energy.

Around 293 global and domestic companies have committed to generate 266 GW of solar, wind, mini-hydel and bio-mass based power in India over the next 5-10 years. The initiative would entail an investment of about US$ 310-350 billion. The industry has attracted FDI worth US$ 9,548.82 million during the period April 2000 to February 2015.

Our power sector has an investment potential of Rs 15 trillion (US$ 237.35 billion) in the next 4-5 years,

providing immense opportunities in power generation, distribution, transmission and equipment, said the Union Minister of Coal, Power and Renewable Energy.

The immediate goal of the government is to produce two trillion units (kilowatt hours) of energy by 2019. This will mean doubling the current production capacity in order to achieve provide 24x7 electricity for residential, industrial, commercial and agriculture use.

Installation of solar power plants requires nearly 2.4 hectares (6 acres) land per MW capacity which is similar to coal fired power plants when life cycle coal mining, consumptive water storage & ash disposal areas are also accounted and hydro power plants when submergence area of water reservoir is also accounted. 1.33 million MW capacity solar plants can be installed in India on its 1 per cent land (32,000 square km). There are vast tracts of land suitable for solar power in all parts of India exceeding 8 per cent of its total area which are unproductive, barren and devoid of vegetation. Part of waste lands (32,000 square km) when installed with solar power plants can produce 2000 billion Kwh of electricity (two times the total generation in the year 2013-14) with land productivity/yield of 1.5 million Rs per acre (6 Rs/kwh price) which is at par with many industrial areas and many times more than the best productive irrigated agriculture lands. Moreover, these solar power units are not dependent on supply of any raw material and are self productive. There is unlimited scope for solar electricity to replace all fossil fuel energy requirements (natural gas, coal, lignite, nuclear fuels and crude oil) if all the marginally productive lands are occupied by solar power plants in future. The solar power potential of India can meet perennially to cater per capita energy consumption at par with USA/ Japan for the peak population in its demographic transition.



Land acquisition is a challenge to solar farm projects in India. Some state governments are exploring means to address land availability through innovation; for example, by exploring means to deploy solar capacity above their extensive irrigation canal projects, thereby harvesting solar energy while reducing the loss of irrigation water by solar evaporation. The state of Gujarat was first to implement the Canal Solar Power project, to use 19,000 km (12,000 mi) long network of Narmada canals across the state for setting up solar panels to generate electricity. It was the first ever such project in India. It has environmental angle as well. Extensive use of solar power could prevent the emission of more than 6 billion tonnes of carbon dioxide per year by 2050 – that is more than all current energy related CO_2 emissions from the United States or almost all of the direct emissions from the transport sector worldwide today. In many parts of India, the sun is strong and skies are clear. India will be able to reach the highest reduction in additional CO2 emission in 2050 and along with China could account for half the global additional emission reductions. India could emerge as a solar energy hub and rightly the government is putting in place policy framework. Though solar power generation is a little less than 4000 mw, the roof top solar power generation is likely go up to 40,000 Mw in the next 5-7 years. German Development Bank, KFW, which has already provided one billion euro soft loan for setting up green transmission corridors in Rajasthan and Tamil Nadu, will very soon sanction another one billion euro soft loan for promoting roof top solar power, which fast catching up in several cities with introduction net metering. Delhi alone has potential to generate 2000 Mw of roof top solar power, which is one third of 6000 Mw of power consumed in the city. Likewise all major cities had huge potential and this is a win-win situation for both power generators and individual building or house owner as their electricity bill would come down by two third and investment in solar panels, which is maintenance free and lasts for 25 years, will be recovered in 4-5 years.

The Indian Renewable Energy Development Agency (IREDA) is likely to raise tax free bounds worth Rs.2, 000 crores from markets to support the solar initiatives of the government in next few months in a bid to lend soft loans to developers to accomplish the roof top mission of the government, according to the Ministry of New and Renewable Energy.

A top official of the Ministry has told a recent PHD Chamber of Commerce and Industry summit "the government has approved an amount of Rs.5,000 crores for raising the tax free bonds to support and sustain its solar initiatives through various agencies a couple of days ago, of which IREDA is assigned an amount of Rs.2,000 crores".

"In the current fiscal, the government would be contented if solar projects of 2,000 to 3,000 mw are implemented", He further added that it would be an attempt of the government of the day to add on solar capacity of 10,000 Mw each year from fiscal 2017-18. This would be sustainable level that could be scaled up to 15,000 mw annually after a few years.

The official also announced that the government has decided to withdraw subsidies to achieve its non-conventional targets for power generation for industrial and commercial purposes adding that the subsidy would stay put for social sectors including hospitals, education centers and other similar health related initiatives. The subsidy is increasingly becoming not necessary with solar power generation falling to Rs 6-7 per unit and is expected to fall further to Rs 4.5 per unit, while cost of thermal power was going up.

The government has also announced schemes to develop at least 25 solar parks of 500 Mw each in the next five years. The government has allocated Rs 4050 crore for this purpose. The solar parks offer facilities to attract investors and developers. A solar park removes most of the hurdles faced by individual small project developers.

Skill development is one area which requires special emphasis particularly for setting up solar plants. Trained manpower already exists for setting up thermal, hydel and wind power plant. For the massive scaling up of solar power generation, huge number of manpower is required particularly smaller plants in remote areas and rooftop solar power that is spreading rapidly. Government already has a plan for skill development, which needed to be scaled up, providing opportunity for local youth in various parts of the country.

The cost of solar power, expected to come down by 25-30 per cent by December this year to Rs 4.50 per unit from Rs 6-7 per unit at present. "We are looking at bringing in innovative solutions, besides improving counter party risk and bring down the cost of solar and wind energy," he said adding the government has also engaged global consultant PriceWaterHouse Cooper for formulation of plan to scale up solar energy further in the country.

The government's plan to step up renewable energy will bring about much needed energy security to people of the country. With India expected grow at 8-9 per cent in the next decade or two, there will be huge demand for power and the government is on right track to ensure that power sector kept pace with the requirement in a power deficit country with low per capita electricity consumption. The government is also for the first time attempted a right mix of thermal, gas, hydel, nuclear, wind, solar and biogas power generation. India still has a lot of catching up to do with China, which generates four times more power and has plans for massive scaling up of solar and hydel power. Solar power will also come in handy for replacing diesel generation sets for backup power with the development of lightweight and cheaper lithium batteries for storage of solar power. There are more than 30,000 Mw of Diesel generation sets in use resulting in huge drain of foreign exchange reserved in import of oil. ❑

(E-mail: sudhaman23@gmail.com)

M. PURI'S IAS

Secure your Success

GS-II PLUS

By M.PURI

GS-Paper II (Full Syllabus) + Selected Topics of GS-III & GS-IV

(Course covers nearly ⅓rd of GS Syllabus.)

75% in GS-II Mains-2014 was from our Class Notes & Test Series

Why join Puri Sir's Classes

1. Complete coverage of syllabus (Reality not merely Rhetoric)
2. New pattern demands specialized focus & Approach.
3. Understanding of trends & issues and not merely events & facts.
4. Governance specific vocabulary building.
5. Art of opinion building/shaping as opposed to merely plagiarizing opinions of others.
6. Art of writing Answers with precision & brevity
7. Course covers nearly 1/3rd of GS Syllabus.

GS-I PLUS

By : Sameer Ahmed Siddiqui

Indian Heritage and Culture, History of the World
Indian National Movement, Geography, Environment
Bio-Diversity & Ecology
(With Special Focus on Current Issues)

Will also cover Paper III Topics → *Agriculture, PDS, Irrigation, Majorcrops, Cropping pattern, Food Processing*

11A/22, Top Floor, Old Rajendra Nagar, (Near Bikaner Sweet), Delhi-110060

Ph.: 011-45633700, Mob.: 9899154622,8130153699

YE-32/2015

दस प्रतिशत की तरक्की के सपने की मजबूत बुनियाद

हर्षवर्धन त्रिपाठी

इंडिया ग्रोथ स्टोरी की चमक अभी भी बनी हुई है। बावजूद इसके कि ढेर सारे आशंका के बादल इस पर मंडरा रहे हैं। और इस इंडिया ग्रोथ स्टोरी पर सबसे बड़ा संकट तब होता है, जब संसद चल रही होती है। क्योंकि, राजनीतिक नफा-नुकसान का गुणा गणित विपक्ष को सरकार के उन फैसलों के भी खिलाफ खड़ा कर देता है जिस पर खुद विपक्षी पार्टियां सरकार में होते हुए पूरी तरह आश्वस्त थीं। जीएसटी बिल का सेलेक्ट पैनल को भेजा जाना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। भूमि अधिग्रहण बिल को भी इसी नजर से देखा जा सकता है

गत वर्ष नई सरकार बनने की आहट भर से भारतीय शेयर बाज़ार में जबर्दस्त तेजी देखने को मिली थी। पिछले तीन साल से लगातार सत्ताइस से अट्ठाइस हजार के बीच घूमने वाले सेंसेक्स ने इस सरकार में भरोसा दिखाते हुए तीस हजार का जादुई आंकड़ा पार कर लिया लेकिन, संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में कई अहम बिलों के पास न हो पाने और टैक्स संबंधी मामलों पर अनिश्चितता से ये सवाल खड़ा होता है कि शेयर बाज़ार के लिए यह सरकार कितनी अहम है। और क्या शेयर बाज़ार की अभी की गिरावट या एक वर्ष पूर्व की तेजी से सरकार के एक साल के कामकाज का आकलन किया जा सकता है। इस सवाल का जवाब निश्चित तौर पर यही है कि भारत पी वी नरसिंहाराव के समय में जिस ग्लोबल विलेज में शामिल हुआ उससे निश्चित तौर पर शेयर बाज़ार के संकेत अर्थव्यवस्था की मजबूती या कमजोरी का संकेत देते हैं। यहां एक बात समझनी होगी कि शेयर बाज़ार के एक दो दिन के कारोबार या एक दो महीने की गिरावट या तेजी से अर्थव्यवस्था में मजबूती या गिरावट का अंदाजा लगाना समझदारी नहीं होगी। नई सरकार के एक साल पूरे होने पर अगर हम शेयर बाज़ार के अभी के सूचकांकों के जरिए अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत तलाशने की कोशिश करेंगे तो हमें गत दो सरकारों के कार्यकाल से भी ज्यादा निराशा हाथ लग सकती है। उसकी बड़ी वजह पिछले कुछ समय में बाज़ार में आई जबर्दस्त गिरावट है और इसकी वजह से शेयर बाज़ार की आशा भरी चमकती कहानी निराशा के बादल में छिपती दिखने लगती है। मौजूदा सरकार के एक साल के आखिरी एक महीने में शेयर बाज़ार में जो गिरावट आई है उसने पहले की सारी मजबूती को निगल लिया है। और अब अगर साल भर के शेयर बाज़ार के आंकड़े को देखें तो, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही करीब ग्यारह प्रतिशत गिरे हुए नजर आ रहे हैं। तो क्या इंडिया ग्रोथ स्टोरी को मेक इन इंडिया की कहानी समर्थन नहीं दे रही है। मेक इन इंडिया में भरोसा जताने वाले, इंडिया ग्रोथ स्टोरी पर भरोसा जताने वाले खत्म हो गए हैं। इसका जवाब पूरी तरह से ना में है। इंडिया ग्रोथ स्टोरी की चमक अभी भी बनी हुई है। बावजूद इसके कि ढेर सारे आशंका के बादल इस पर मंडरा रहे हैं। और इस इंडिया ग्रोथ स्टोरी पर सबसे बड़ा संकट तब होता है, जब संसद चल रही होती है। क्योंकि, राजनीतिक नफा-नुकसान का गुणा गणित विपक्ष को सरकार के उन फैसलों के भी खिलाफ खड़ा कर देता है। जिस पर खुद विपक्षी पार्टियां सरकार में होते हुए पूरी तरह आश्वस्त थीं। जीएसटी बिल का सेलेक्ट पैनल को भेजा जाना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। भूमि अधिग्रहण बिल को भी इसी नजर से देखा जा सकता है। हालांकि, जिस तरह से संकेत मिल रहे हैं उसमें इन दोनों बिलों के कानून बनने में अड़चन तो होगी लेकिन, इसका पास होना तय है। शेयर बाज़ार के आंकड़े की बात करें तो भले ही साल भर में भारतीय बाज़ार का प्रदर्शन बेहतर नहीं दिख रहा है। सच्चाई ये है कि शेयर बाज़ार को मजबूती देने वाले जो बुनियादी तथ्य हैं वो बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले महीने भर में इतनी गिरावट के बाद भी भारतीय शेयर बाज़ार का कारोबार अगर डॉलर के लिहाज से देखें तो ये दुनिया भर में

लेखक आर्थिक पत्रकार हैं और सीएनबीसी आवाज में नॉन मार्केट इंचार्ज रह चुके हैं। ईमेल: harshvt@gmail.com

तीसरा सबसे बेहतर बाज़ार है। सिर्फ ब्राजील और चीन के बाज़ार ही हैं जो भारतीय शेयर बाज़ार से बेहतर मुनाफा देने में कामयाब रहे हैं।

सरकार के एक साल के कामकाज की समीक्षा करें तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दस प्रतिशत की तरक्की का जो सपना भारतीयों ने देखा था। उसकी बुनियाद पिछले एक साल में बनी है या नहीं। दस प्रतिशत की तरक्की का सपना देखने वाले भारत की तरक्की की रफ्तार साढ़े पांच प्रतिशत पर आकर अटक गई थी। अब एक बार फिर से वित्त मंत्री ने दस प्रतिशत की तरक्की का सपना दिखाया है। भारत सरकार ने 2015-16 के लिए आठ से साढ़े आठ प्रतिशत की तरक्की का लक्ष्य रखा है। दस प्रतिशत की तरक्की का ये सपना भारतीयों के लिए इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि, इस सरकार के प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री रहे, तो उस दौरान, गुजरात ने 2003 से 2012 के दौरान लगातार दस प्रतिशत से ज्यादा की तरक्की की थी। जबकि, उस दौरान भारत की औसत तरक्की की रफ्तार आठ प्रतिशत के नीचे ही थी। और शायद ये प्रधानमंत्री के उन पुराने कामों का भरोसा ही है कि दुनिया की महत्वपूर्ण संस्थाओं को ये भरोसा भारत में दिख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के अनुमान साफ कर चुके हैं कि इसी वित्तीय वर्ष में भारत दुनिया का सबसे तेजी से तरक्की करने वाला देश बन जाएगा। ज्यादातर अनुमानों में भारत की तरक्की की रफ्तार इस वित्तीय वर्ष में साढ़े सात प्रतिशत या उससे ज्यादा रहने वाली है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों का ही अनुमान है कि वित्त वर्ष 2016 में भारत की जीडीपी ग्रोथ साढ़े सात प्रतिशत से ज्यादा की होगी। हालांकि, सरकार ने साढ़े आठ प्रतिशत की तरक्की का अनुमान जताया है। अनुमानों में चमकती इंडिया ग्रोथ स्टोरी को धरातल पर देखें तो तस्वीर ज्यादा साफ होगी। धरातल पर भी हालात यही है कि सबसे तेजी से तरक्की करने वाले देश में दुनिया के सारे निवेशक रकम लगाने को आतुर हैं। इमर्जिंग मार्केट्स में भारत में ही सबसे ज्यादा विदेशी संस्थागत निवेशक आ रहे हैं। इस साल अब तक एफआईआई यानी विदेशी संस्थागत निवेशक भारत में करीब साढ़े छः अरब डॉलर का निवेश कर चुके हैं। इसके बाद मेक्सिको, ब्राजील, साउथ कोरिया और ताइवान का नंबर आता है और ये भरोसा सिर्फ एफआईआई के मामले में ही नहीं है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई के आंकड़े इंडिया ग्रोथ स्टोरी पर ज्यादा भरोसा साबित करते हैं। सरकार के पहले दस महीने में कुल 25.25 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है। वित्तीय वर्ष 2013-14 में कुल 19 अरब डॉलर से कम का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ था।

भारत सरकार ने 2015-16 के लिए आठ से साढ़े आठ प्रतिशत की तरक्की का लक्ष्य रखा है। दस प्रतिशत की तरक्की का ये सपना भारतीयों के लिए इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि, इस सरकार के प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री रहे, तो उस दौरान, गुजरात ने 2003 से 2012 के दौरान लगातार दस प्रतिशत से ज्यादा की तरक्की की थी। जबकि, उस दौरान भारत की औसत तरक्की की रफ्तार आठ प्रतिशत के नीचे ही थी।

दस प्रतिशत की तरक्की की रफ्तार के लिए बहुत बड़े विदेशी निवेश की जरूरत है। फिर वो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हो या फिर संस्थागत विदेशी निवेश। इसलिए किसी भी तरह का विदेशी निवेश अगर भारत में इस तेजी से आ रहा है तो इसका सीधा सा मतलब है कि दुनिया के निवेशकों को इंडिया ग्रोथ स्टोरी भरोसे लायक दिख रही है। इसमें बड़ी भूमिका इस बात की भी है कि भारत में नीतियों में भ्रम की स्थिति अब नहीं रही है। यही वजह है कि दुनिया की रेटिंग एजेंसियां लगातार भारत की रेटिंग बेहतर कर रही हैं। मूडीज ने भारत की क्रेडिट रेटिंग स्टेबल से पॉजिटिव कर दी है। रेटिंग बेहतर करने पर मूडीज का कहना है कि भारत में रुके पड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट तेजी से पूरे होते दिख रहे हैं। और वो अगले साल भर में फिर रेटिंग बढ़ा सकता है। हालांकि, दूसरी रेटिंग एजेंसियों की नजर में अभी भी भारत स्टेबल ही है। एस एंड पी और फिच ने अभी तक भारत को पॉजिटिव रेटिंग नहीं दी है। हां, निगेटिव आउटलुक स्टेबल में बदला है।

नई सरकार के काम का असर साफ-साफ नजर आ रहा है। फरवरी महीने में औद्योगिक रफ्तार पांच प्रतिशत रही है जो पिछले तीन महीने में सबसे ज्यादा है। फरवरी महीने में कैपिटल गुड्स के उत्पादन की रफ्तार आठ प्रतिशत बढ़ी है। इसका सीधा सा मतलब अगर समझें तो, बड़ी मशीनों का ज्यादा उत्पादन हो रहा है। मतलब निर्माण और दूसरी गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। मार्च महीने में कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री में भी तेजी आई है। किसी अर्थव्यवस्था में कारोबारी इस्तेमाल के वाहनों की बिक्री बढ़ने का सीधा-सा मतलब अर्थव्यवस्था में तेजी के अच्छे लक्षणों की तरह देखा जाता है। सर्विस सेक्टर में भी बेहतरी के संकेत मिल रहे हैं। सर्विस सेक्टर में इस वित्तीय वर्ष के पहले दस महीने में 2.64 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है।

कुल मिलाकर निर्माण हो या सेवा क्षेत्र, दोनों ही क्षेत्रों में फिलहाल बेहतरी के संकेत मिल रहे हैं। सरकार के गत एक साल के कामकाज में एक बात जो बेहतर हुई है वो है काम करने की आसानी। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कारोबारियों को ढेर सारे कागजी चक्करों से मुक्त करने का। अभी तक कारोबार शुरू करने के लिए आठ अलग-अलग फॉर्म भरने पड़ते थे। एक मई से किसी भी कारोबार को शुरू करने के लिए सिर्फ एक फॉर्म की ही जरूरत होगी। कारोबार की राहत के लिए डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रियल पॉलिसी एंड प्रोमोशन की तरफ से तीन हजार करोड़ रुपये तक के विदेशी निवेश प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी से छूट देने की भी मांग की है। अभी ये सीमा 1200 करोड़ रुपये ही है। भारत सरकार का खजाना नई सरकार में ज्यादा समृद्ध हुआ है। सरकार का विदेशी मुद्रा भंडार 344 अरब डॉलर का हो गया है। ये अब तक का रिकॉर्ड है। जिस देश की सरकार को किसी समय सोना गिरवी रखने की नौबत आ गई हो, उस देश के लोगों को ये जानकर राहत होगी कि देश के खजाने में इतनी बड़ी रकम सुरक्षित रखी है।

अनुमानों में चमकती इंडिया ग्रोथ स्टोरी को धरातल पर देखें तो तस्वीर ज्यादा साफ होगी। धरातल पर भी हालात यही है कि सबसे तेजी से तरक्की करने वाले देश में दुनिया के सारे निवेशक रकम लगाने को आतुर हैं। इमर्जिंग मार्केट्स में भारत में ही सबसे ज्यादा विदेशी संस्थागत निवेशक आ रहे हैं। इस साल अब तक एफआईआई यानी विदेशी संस्थागत निवेशक भारत में करीब साढ़े छः अरब डॉलर का निवेश कर चुके हैं।

पिछली सरकार में एक बड़ी समस्या नीतियों को लेकर रही। जिसकी वजह से नए प्रोजेक्ट शुरू करने में कारोबारी डरने लगे थे। उनको डर ये था कि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद उससे संबंधित नीतियां बदल न जाएं और इसका असर पुराने प्रोजेक्ट पर भी पड़ रहा था। ढेर सारे प्रोजेक्ट इसी वजह से शुरू हो ही नहीं पाए थे। अच्छी बात है कि मौजूदा सरकार में पुराने रुके पड़े प्रोजेक्ट को शुरू करने में तेजी आई है। 2014-15 में करीब दो लाख करोड़ रुपये की रुकी योजनाएं शुरू हुई हैं। जबकि, इससे पहले के साल में सिर्फ सत्ताइस हजार करोड़ रुपये की ही रुकी योजनाएं शुरू की जा सकी थीं। सिर्फ निर्माण क्षेत्र की शुरू हुई योजनाओं की लागत करीब साठ हजार करोड़ है। जो पहले से साढ़े पांच गुना ज्यादा है। यही बुनियादी परियोजनाओं की बात करें तो करीब छिहत्तर हजार करोड़ रुपये की रुकी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं शुरू हुई हैं। जो, 2013-14 से छह गुना ज्यादा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि रुकी परियोजनाएं तेजी से शुरू हो रही हैं। साथ में नए प्रोजेक्ट भी तेजी से शुरू हो रहे हैं। इसका सीधा सा मतलब हुआ कि लोगों को रोजगार के नए मौके मिलने वाले हैं। सरकार के पहले दस महीने में करीब 1900 प्रोजेक्ट शुरू करने का एलान हुआ है। इन योजनाओं में करीब दस लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। पिछले साल के मुकाबले देखें तो ये अस्सी प्रतिशत ज्यादा है। सरकार नए भारत के निर्माण में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देश के नौ शहरों में मेट्रो के विस्तार के लिए तिरासी हजार करोड़ रुपये का प्रावधान केंद्रीय सरकार ने किया है। लखनऊ, पुणे, नागपुर, अहमदाबाद, विजयवाड़ा जैसे शहरों के लोगों को जल्द ही दिल्ली-एनसीआर और मुंबई की तरह विश्वस्तरीय मेट्रो सेवा का आनंद मिल सकेगा। ये आंकड़े साफ बता रहे हैं कि दुनिया को ऐसे ही नहीं भारत के भरोसे अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद नजर आ रही है।

पेट्रोल-डीजल के मामलें में लोगों को जबर्दस्त राहत मिली है। दूसरे जरूरी सामानों की महंगाई के मामले में लोगों को बड़ी राहत मिली है। हर पैमाने पर महंगाई घटी है। मार्च 2014 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक करीब साढ़े आठ प्रतिशत था जो, मार्च 2015 में घटकर सवा पांच प्रतिशत के आसपास रह गया है। ये रिटेल महंगाई के आंकड़े हैं। यानी वो महंगाई दर जो हर बाज़ार में सामान खरीदने पर हमें महसूस होती है। अगर थोक मंडी की बात करें तो, एक साल की इस सरकार में थोक महंगाई दर चमत्कारिक तरीके से घटी है। होलसेल प्राइस इंडेक्स मार्च 2014 में 6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ता दिख रहा था। जबकि, मार्च 2015 में होलसेल प्राइस इंडेक्स बढ़ने की बजाए घटता दिख रहा है। मार्च 2015 में होलसेल प्राइस इंडेक्स निगेटिव 2 प्रतिशत रह गया है।

तालिका 1: 2015 में थौक मूल्य सूचकांक

महंगाई दर	मार्च 2014	मार्च 2015
CPI	8.31%	5.17%
WPI	6%	-2.06%

स्रोत: www.pib.nic.in/newsite/erelease.aspx

महंगाई घटी है और लोगों की जेब में पैसे भी आ रहे हैं। इसका एक अंदाजा कार-मोटरसाइकिल की खरीद से मिलता है। दो साल से कम बिक्री से जूझ रही ऑटो इंडस्ट्री को इस साल राहत मिली है। ऑटो बिक्री में चार प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी गई है। मारूति ने अप्रैल 2015 में पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले सत्ताइस प्रतिशत ज्यादा कारें बेची हैं। टोयोटा ने तिरसठ प्रतिशत, होंडा ने चौदह प्रतिशत, ह्युंदई ने दस प्रतिशत ज्यादा कारें बेची हैं। ये दिखा रहा है कि फिर से भारतीयों की जेब में आने वाली रकम बढ़ी है।

सरकार के पहले दस महीने में करीब 1900 प्रोजेक्ट शुरू करने का ऐलान हुआ है। इन योजनाओं में करीब दस लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। पिछले साल के मुकाबले देखें तो ये अस्सी प्रतिशत ज्यादा है। सरकार नए भारत के निर्माण में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देश के नौ शहरों में मेट्रो के विस्तार के लिए तिरासी हजार करोड़ रुपये का प्रावधान केंद्रीय सरकार ने किया है।

गर्मियों के समय ही यह सरकार सत्ता में आई थी और अब गर्मियों में एक साल बाद इस सरकार की समीक्षा हो रही है। ऐसे में बिजली की समस्या कितनी सुधारी, इसकी चर्चा के बिना सरकार के कामकाज की सही समीक्षा नहीं हो सकती। ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक, सरकार ने पिछले साल भर में साढ़े बाइस हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन का काम शुरू किया है। जिससे 2019 तक आपूर्ति होने लगेगी। ये बड़ी उपलब्धि है। सरकार के तौर पर गैस कीमतों को कुछ इसी तरह की उपलब्धि हासिल करने की कोशिश परिवहन मंत्रालय भी कर रहा है। परिवहन मंत्रालय ने अगले दो साल में हर दिन तीस किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, अभी सरकार इसके आधे लक्ष्य को भी हासिल नहीं कर सकी है। बिना सड़क और बिजली के प्रधानमंत्री का मेक इन इंडिया धरातल पर नहीं उतर सकता। इसलिए इन दोनों क्षेत्रों में हो रहे काम से ये माना जा सकता है कि सरकार के पहले साल में दस प्रतिशत की तरक्की की रफ्तार हासिल करने की बुनियाद मजबूत रखने में कामयाब रहे हैं। पक्की बुनियाद रखने का भरोसा प्रधानमंत्री के विदेश दौरे पर साफ नजर आता है। जर्मनी के हनोवर व्यापार मेले में एक तस्वीर की चर्चा भारतीय मीडिया में कम ही हुई। वो तस्वीर थी हनोवर मेले में फॉक्सवैगन की वेंटो कार। वो वेंटो कार जिसको कंपनी भारत के पुणे में बनी कार के तौर पर शोकेस कर रही थी। फॉक्सवैगन अगर जर्मनी के मेले में दुनिया को बता रहा है कि ये भारत में बनी कार है तो ये मेक इन इंडिया की ताकत है। भारत में बनी वेंटो कार की खूबियां प्रधानमंत्री के साथ जर्मनी की चांसलर भी समझ रही थीं। यही मेक इन इंडिया की ताकत है कि बॉम्बार्डियर 450 मेट्रो कोच भारत से तैयार करके ऑस्ट्रेलिया भेज रहा है। दूसरी कंपनी एल्सटॉम ने भी 132 मेट्रो कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया से समझौता किया है। ये सभी मेट्रो कोच भारत में ही बनेंगे।

विश्व मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टीन लागार्ड ने ऐसे ही नहीं कहा कि भारत काले घने बादलों के बीच चमकता सितारा है। दरअसल भारत में ये ताकत है कि वो दुनिया की अर्थव्यवस्था के घने बादलों को साफ कर सके। इसके लिए एक जो सबसे जरूरी बात है कि सरकारी नीतियों में भ्रम या बार-बार बदलाव की स्थिति न बने। वो देसी और विदेशी दोनों ही निवेशकों, कारोबारियों के लिए शर्त है। अभी तक के सरकार के फैसले देखें तो ये भरोसा बनता है। और अगर ये भरोसा बना रहा तो दस प्रतिशत की तरक्की का मनमोहिनी सपना इस सरकार में पूरा होता दिख सकता है। हालांकि, सरकार के एक साल के आखिरी दो महीने में जो बाधाएं दिखीं वो साफ करती हैं कि इस सरकार का दूसरा साल ज्यादा मुश्किल होगा। ❑